वर्ष 1 - अंक 41
गुरुवार 9 जनवरी 2025- कुल पृष्ठ - 4
RNI - NO. MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स



# 1 फरवरी को देश का आगामी बजट पेश कर सकती हैं, वित्त मंत्री

**नई दिल्ली: वित्त मंत्री नर्मिला सीतारमण 1 फरवरी को देश का आगामी बजट पेश कर सकती हैं। इस बीच, चर्चा है कि केंद्र सरकार इस बजट (Union Budget 2025) में आम लोगों के लिए बड़ी छूट का ऐलान कर सकता है, केंद्रीय बजट 2025 में 15 लाख रुपये तक सालाना इनकम वालों को टैक्स छूट का लाभ मिल सकता है,टैक्स में छूट के ऐलान से डिस्पोजेबल इनकम में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है, जिससे खपत बढ़ेगी। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स का दावा है कि सरकार वित्त वर्ष 2020-21 में शुरू की गई नई आयकर व्यवस्था में बदलाव पर विचार कर रही है, जिसने सरल स्ट्रक्चर के कारण 70 फीसदी से ज्यादा टैक्सपेयर्स को अपनी तरफ आकर्षित किया है।**

मौजूदा समय में नई व्यवस्था के तहत 3 लाख रुपये तक की आय टैक्स फ्री है, जबकि 3 लाख से 6 लाख रुपये के बीच की आय पर 5%, 6-9 लाख रुपये पर 10%, 9-12 लाख रुपये पर 15%, 12-15 लाख रुपये पर 20% और 15 लाख रुपये से अधिक पर 30% टैक्स लगता है 75,000 रुपये की स्टैंडर्ड डिडकशन यह तय करती है कि 7.75 लाख रुपये तक की इनकम टैक्स फ्री है वहीं 7 लाख तक सालाना इनकम होने पर कोई टैक्स देने की जरूरत नहीं होगी।

रिपोर्ट्स बताती हैं कि मूल छूट सीमा 3 लाख रुपये से बढ़कर 4 लाख रुपये हो सकती है. साथ ही अन्य स्लैब में भी समायोजन किया जा सकता है उदाहरण के लिए,5% स्लैब में 4 लाख रुपये से 7 लाख रुपये तक की इनकम शामिल हो सकती है, जिससे 14 लाख रुपये तक की इनकम वालों के लिए यह टैक्स व्यवस्था अधिक फायदेमंद हो जाएगी।

## सूत्रों के अनुसार

सरकार का फोकस 13-14 लाख रुपये सालाना कमाने वाले व्यक्तियों पर बोझ को कम करने पर है खासकर शहरी क्षेत्रों में जहां महंगाई ने खरीदारी की को कम किया है इस बदलाव का मुख्य उद्देश्य शहरी टैक्सपेयर्स को राहत देना है ये टैक्सपेयर्स बढ़ती महंगाई का सामना करते हैं और देश की इकोनॉमी में बड़ा योगदान देते हैं विशेषज्ञों का मानना है कि टैक्स स्लैब में 1 लाख रुपये की सीमा बढ़ाकर संशोधन करने से टैक्स का बोझ काफी हद तक कम हो सकता है, जिससे अधिक खर्च को बढ़ावा मिलेगा।

अप्रैल-नवंबर वित्त वर्ष 2025 के दौरान व्यक्तिगत टैक्स कलेक्शन 25% बढ़कर 7.41 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जिससे सरकार इन सुधारों को लागू करने के लिए मज़बूत स्थिति में है कॉर्पोरेट टैक्स के विपरीत, व्यक्तिगत टैक्स लगातार लक्ष्य से ज्यादा रही हैं, जिससे सरकार का खजाना भरा है इसलिए टैक्स कलेक्शन भी टैक्स छूट के लिए संकेत दे रहा है।



# गडकरी के सामने प्रोजेक्ट को रखेंगे एनएचएआई के अफसर

## बाहा एसएई इंडिया 2025 का उद्घाटन

**केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी आज इंदौर-खंडवा रोड का एरियल निरीक्षण करेंगे तत्पश्चात पीथमपुर जाकर नेटरैक्स का निरीक्षण करेंगे। सायंकाल इंदौर आकर नाथ मंदिर जाएंगे। सायंकाल इंदौर से करेंगे प्रस्थान।**



इंदौर। इंदौर-इच्छापुर हाईवे के अंतर्गत तेजाजी नगर से बलवाड़ा के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा 33 किलोमीटर हिस्से में बनाई जा रही फोरलेन व उस पर तैयार हो रहीं तीन सुरंगों का गुरुवार को केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी निरीक्षण करेंगे। वह हेलीकाप्टर में बैठकर इस सड़क व सुरंगों का हवाई निरीक्षण करेंगे। एयरपोर्ट पर एनएचएआई के इंदौर रीजन के प्रोजेक्ट पर विभाग के संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा भी करेंगे। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी पीथमपुर, नेट्रेक्स में रोड बैरियर, हाई स्पीड टेस्ट ट्रैक और रोड बैरियर क्रेश टेस्टिंग के प्रदर्शन का भी अवलोकन करेंगे।

इसके साथ ही बाहा एसईई इंडिया 2025 का उद्घाटन करेंगे। वह नेट्रेक्स के ट्रैक पहली बार सीएनजी व हाईड्रोजन मिश्रित ईंधन चलने वाली कार को हरी झंडी भी दिखाएंगे। पीथमपुर के सेक्टर-तीन में एक फर्नीचर कंपनी के फैक्ट्री में भी जाएंगे। एनएचएआई के अधिकारी केंद्रीय मंत्री गडकरी के सामने इंदौर-खलघाट रोड स्थित बाकानेर घाट पर बनाए गए अलग-अलग मार्ग तैयार कर भारत के सबसे बड़े ब्लैक स्पाट को खत्म करने के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट की जानकारी प्रस्तुत करेंगे।

### डेढ़ महीने में नहीं हुआ कोई भी हादसा

एनएचएआई के अफसरों के मुताबिक, बाकानेर घाट के खत्म होने के बाद गत डेढ़ माह में इस घाट पर कोई हादसा नहीं हुआ। वहीं अफसर धार व झाबुआ के बीच माछलिया घाट पर बनाई गई सड़क व इसके बनने से ट्रैफिक जाम की समस्या के निजात व लूटपाट की घटनाओं पर लगी रोक के बारे में गडकरी को अवगत करवाएंगे।

# खनियाधाना जनपद की ग्राम पंचायत दिदावनी में सीसी सड़क निर्माण में घटिया निर्माण ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग



**रणजीत टाइम्स- जगदीश पाल**

खनियाधाना जनपद की ग्राम पंचायत दिदावनी में कालूराम लोधी के घर से विनोद पाल की घर तक सीसी रोड का निर्माण जमकर भ्रष्टाचार सरपंच सचिव द्वारा किया जा रहा है वह घटिया स्तर निर्माण होने की वजह से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है, सही निर्माण एवं निर्माण कार्य की जांच कराने की मांग कर रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क का निर्माण कार्य ठेकेदार द्वारा बेहद घटिया स्तर कराया जा रहा है। सड़क निर्माण का काम चल रहा है। कार्यस्थल पर न तो सूचना-पट्ट लगा है और ना ही गुणवत्ता का ध्यान रखा जा रहा है। सड़क निर्माण कार्य मानक के अनुरूप नहीं हो रहा है। सड़क निर्माण में ढलाई का प्रावधान है। लेकिन उक्त सड़क को न तो कोई देखने वाला है और न ही कोई सुनने वाला। ऐस्टीमेट के नियमानुसार कार्य नहीं कराया जा रहा है। घटिया किस्म का गिट्टी सीमेंट मिट्टी बालू प्रयोग हो रहा है।खास बात तो यह है कि सड़क का जो हिस्सा बन चुका है वह भी जर्जर होने लगा है। इसके अलावा कोई भी अधिकारी सड़क के निर्माण कार्य को देखने तक गांव में नहीं पहुंच रहे हैं। अगर इसी प्रकार सड़क का निर्माण हुआ तो वह एक साल भी नहीं चल सकेगा। प्रशासनिक अधिकारी नाले के निर्माण कार्य की जांच कराएं ग्रामीणों ने मांग की है।

**इंदौर हाई कोर्ट**

# दहेज हत्या के आरोपी को किया दोष मुक्त




**रणजीत टाइम्स**

इंदौर (म.प्र.): बाणगंगा क्षेत्र में ससुराल वालों द्वारा नवविवाहित बहु को दहेज के लिए प्रताड़ित कर करंट से हत्या करने के मामले में सीबीआई कोर्ट में चल रही सुनवाई में आरोपी रविंद्र पिता दयाल सिंह को मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर ने आरोपों से उन्मुक्त (बरी) कर दिया। अधिवक्ता गौरव राय और मोहित पाण्डेया द्वारा पेश किए गए तर्कों को स्वीकार करते हुए न्यायालय ने आरोपी को सभी आरोपों से मुक्त कर दिया।

### यह मामला 2022 में सामने आया था

जब एक नवविवाहित महिला की करंट से मृत्यु हो गई थी।

मृतका के परिवार ने आरोप लगाया था कि ससुराल वाले उसे दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे थे, जिसके चलते उसकी हत्या कर दी गई। न्यायालय ने मामले के सभी तथ्यों की गहनता से जांच की और आरोपी को बरी करने का फैसला सुनाया। इस फैसले ने सीबीआई कोर्ट के फैसले को पलटते हुए आरोपी को राहत प्रदान की।

# प्लास्टपैक 2025: सबसे बड़ा प्लास्टिक उद्योग सम्मेलन आज से

## 9 से 12 जनवरी तक लाभ गंगा एक्जीबिशन सेंटर में लगेगा उद्योगों का मेला

इंदौर। प्लास्टिक हमारे दैनिक जीवन का एक ऐसा हिस्सा है, जो हर कदम पर हमारे साथ होता है। चाहे वह घरेलू उपयोग के सामान हों, उद्योगों में इस्तेमाल होने वाली सामग्री हो, या फिर आधुनिक टेक्नोलॉजी का हिस्सा, प्लास्टिक का महत्व हर क्षेत्र में गहराई से जुड़ा हुआ है। इसी महत्व को ध्यान में रखते हुए, प्लास्टिक के उत्पादन, उपयोग और पर्यावरणीय प्रभाव के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य सेइंडियन प्लास्ट पैक फोरमद्वारामध्य भारत का सबसे बड़ा प्लास्टिक उद्योग सम्मेलन "प्लास्टपैक 2025" का आयोजन 9 से 12 जनवरी 2025 के बीचलाभ गंगा एक्जीबिशन सेंटर, इंदौर में किया जा रहा है।



मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी) के साझा प्रयासों से आयोजित इस विशाल सम्मेलन में 400 से अधिक कंपनियां अपनी नवीनतम तकनीक, उत्पाद और नवाचारों का प्रदर्शन करेंगी। इस आयोजन में 2,000 से अधिक प्रदर्शक भाग लेंगे। एक्जीबिशन सेंटर को छह अलग - अलग डोम में विभाजित किया गया है, जहां लाइव मशीनों और उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। यह सम्मेलन व्यापारियों और उद्यमियों के लिए तो एक मंच है ही, साथ ही छात्रों, शोधकर्ताओं और पर्यावरणविदों के लिए भी एक ज्ञानवर्धक अनुभव प्रदान करेगा।

आयोजन में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव, नगरीय विकास एवं आवास मंत्रालयकैबिनेट मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, कैबिनेट मंत्री, एमएसएमई मंत्रालय श्री चैतन्य कश्यप, केबिनेट मंत्री, नवीन एवं नवकरणीय उर्जा विभाग श्री राकेश शुक्ला, इंदौर के सासंद श्री शंकर लालवानी, विधायक एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी विशेष तौर पर शामिल होगें।

---

# बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में उमड़ी दर्शकों की भीड़

रणजीत टाइम्स




बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत का एक दशक से चला आ रहा दबदबा रविवार को समाप्त हो गया। ऑस्ट्रेलिया ने पांच टेस्ट मैच की सीरीज 1-3 से जीती। इस सीरीज को देखने के लिए 837,000 दर्शक स्टेडियम पहुंचे जो नया रिकॉर्ड है।

**रवि शास्त्री और रिकी पोंटिंग ने उत्साह को सराहा**

रवि शास्त्री और रिकी पोंटिंग ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान दर्शकों की रिकार्ड संख्या की सराहना की है। दोनों ने का मानना है कि बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी क्रिकेट की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता के रूप में एशेज को पीछे छोड़ सकती है।

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत का एक दशक से चला आ रहा दबदबा रविवार को समाप्त हो गया। ऑस्ट्रेलिया ने पांच टेस्ट मैच की सीरीज 1-3 से जीती। इस सीरीज को देखने के लिए 837,000 दर्शक स्टेडियम पहुंचे जो नया रिकॉर्ड है।भारत के पूर्व कोच शास्त्री ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि आधुनिक युग में दोनों टीमों के बीच प्रतिद्वंद्विता असाधारण है।

शास्त्री ने 'द आईसीसी रिव्यू' में कहा, एक आंकड़ा सामने आता है: मेलबर्न टेस्ट मैच में 375,000 लोग गेट से होकर आए, जिसने 90 साल पहले के 350,000 के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। पिछला रिकॉर्ड तब का था जब डॉन ब्रैडमैन खेला करते थे। यह नया आंकड़ा मौजूदा समय की तमाम सुविधाओं के बीच आया है जिसने नए मानदंड स्थापित कर दिए हैं। जब टेलीविजन है, जब ओटीटी प्लेटफॉर्म है। जब सब तरह की सुविधाएं मौजूद हैं तब भी लोगों का वहां से बाहर निकलना और क्रिकेट देखना, 375,000 लोगों का (मेलबर्न में) आना और फिर सिडनी में इसे दोहराना, यह वास्तविकता से परे है।





**पोंटिंग ने भी जताई सहमति-** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान पोंटिंग ने शास्त्री का समर्थन करते हुए कहा कि ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट देखने के लिए आने वाले 837,000 लोगों की संख्या अविश्वसनीय है। पोंटिंग ने कहा, अब जबकि यह श्रृंखला समाप्त हो गई है, तब ऑस्ट्रेलिया के अगली गर्मियों में इंग्लैंड के दौरे पर नजर रहेगी जिससे यह पता चलेगा कि किस श्रृंखला में अधिक दर्शक पहुंचे। अगर आंकड़ा समान नहीं होता है तो इसमें कोई संदेह नहीं है कि (बॉर्डर-गावस्कर) प्रतिद्वंद्विता बड़ी मानी जाएगी। निश्चित रूप से प्रशंसकों के दृष्टिकोण से। यदि ब्रिस्बेन में जल्दी समापन या बारिश की रुकावट नहीं होती तो दर्शकों का आंकड़ा और भी बड़ा हो सकता था। पोंटिंग ने कहा, ह्यह्यपर्थ टेस्ट केवल चार दिन चला। एडिलेड और सिडनी टेस्ट तीन दिन ही चले। यदि ये सभी टेस्ट मैच पांच दिन चलते तो यह आंकड़ा और बड़ा होता। प्रशंसक यह समझ रहे हैं कि ये दोनों क्रिकेट टीमें कितनी अच्छी हैं, वे वहां रहना चाहते हैं और इसका हिस्सा बनना चाहते हैं और टेस्ट मैच क्रिकेट को अपने सर्वश्रेष्ठ रूप में देखना चाहते हैं।

# पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह ने रोहित-कोहली का सपोर्ट किया



रणजीत टाइम्स

पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह ने आलोचनाओं का सामना कर रहे रोहित शर्मा और विराट कोहली का समर्थन किया है। 43 साल के युवराज ने कहा- 'हम अपने महान खिलाड़ियों विराट कोहली और रोहित शर्मा के बारे में बात कर रहे हैं, हम उनके बारे में बहुत बुरी बातें कह रहे हैं। लोग भूल जाते हैं कि उन्होंने अतीत में क्या हासिल किया है। वे इस समय के महानतम क्रिकेटरों में से एक हैं। ठीक है, वे हार गए, उन्होंने अच्छा क्रिकेट नहीं खेला। वे हमसे ज्यादा आहत हैं।'

भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 10 साल बाद बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 3-1 की हार झेलनी पड़ी है। 5 मैचों की सीरीज में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने 31 और विराट कोहली ने 190 रन बनाए हैं। खराब प्रदर्शन के कारण दोनों को क्रिटिसाइज किया जा रहा है। घर में क्लीन स्वीप होना इङ्क्ष्ठ की हार से भी बड़ी हार: युवराज युवराज सिंह ने कहा- 'न्यूजीलैंड के हाथों घरेलू मैदान पर क्लीन स्वीप (3-0) होना भारतीय टीम के लिए बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की हार से भी बड़ी असफलता है।' उन्होंने कहा- 'मुझे लगता है कि न्यूजीलैंड से हारना अधिक पीड़ादायक है। क्योंकि वे घरेलू मैदान पर 3-0 से हार गए। आप जानते हैं, यह स्वीकार्य नहीं है। इसे (बीजीटी हारना) तब भी स्वीकार किया जा सकता है क्योंकि आप ऑस्ट्रेलिया में दो बार इस जीत चुके हैं और इस बार आपको हार का सामना करना पड़ा।' युवराज ने कहा- 'मेरा मानना है कि ऑस्ट्रेलिया पिछले कई वर्षों से बेहद मजबूत टीम रही है।' ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कोहली ने एक शतक लगाया, लेकिन वे लगातार ऑफ स्टंप से बाहर जाती गेंद पर आउट हुए। दूसरी तरफ रोहित शर्मा 5 पारियों में केवल 31 रन बना पाए और इसलिए उन्होंने सिडनी में खेले गए 5वें और अंतिम टेस्ट मैच में नहीं खेलने का फैसला किया।

# टेस्ट टीमों को दो डिवीजन में बांटने की प्लानिंग

## भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड जैसी टीमों की ज्यादा सीरीज होंगी, आईसीसी 2027 के बाद लागू करेगा

रणजीत टाइम्स

आईसीसी टेस्ट टीमों को 2 डिवीजन में बांटने की तैयारी कर रही है। एक डिवीजन में भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड जैसी बड़ी टीमें होंगी। आईसीसी का प्लान है कि बड़ी टीमें आपस में ज्यादा सीरीज खेलें। इस स्कीम को मंजूरी मिलती है तो 2027 के बाद इसे लागू किया जाएगा। 2027 तक के शेड्यूल पहले से तय हैं। ऑस्ट्रेलियाई अखबार द सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड की रिपोर्ट के अनुसार आईसीसी के चेयरमैन जय शाह तीनों बोर्ड के साथ मिलकर चाहते हैं कि ये तीनों बड़े देश ज्यादा से ज्यादा एक दूसरे के साथ टेस्ट क्रिकेट खेलें। इससे इन टीमों के बीच हर तीन साल में 5-5 टेस्ट मैचों की दो सीरीज हो पाएंगी। अभी इनकी आपस में दो सीरीज 4 साल में होती हैं।

# भारत आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में तीसरे स्थान पर खिसका

## 2016 के बाद दूसरी बार टॉप-2 से बाहर, 10 साल बाद ऑस्ट्रेलिया से टेस्ट सीरीज हारी

रणजीत टाइम्स

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में खत्म हुई पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-3 से हार झेलने वाली भारतीय मेंस टीम ताजा आईसीसी टेस्ट टीम रैंकिंग में तीसरे स्थान पर खिसक गई है। 2019-21 और 2021-23 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाने वाले भारत के 109 रेटिंग अंक हैं। टीम इंडिया 2016 के बाद दूसरी बार क्कउ टेस्ट टीम रैंकिंग में तीसरे नंबर पर पहुंची है।



अफ्रीका को दूसरे टेस्ट में पाकिस्तान को हराने का फायदा मिला साउथ अफ्रीका को घरेलू टेस्ट सीरीज के दूसरे मुकाबले में पाकिस्तान को 10 विकेट से हराने का फायदा मिला है। वह 112 पॉइंट के साथ दूसरे नंबर पर पहुंच गई है। साउथ अफ्रीका ने केपटाउन के न्यूलैंड्स स्टेडियम में सोमवार को चौथे दिन मिले 61 रन के टारगेट को बिना किसी नुकसान के 7.1 ओवर में हासिल कर लिया। इससे पहले साउथ अफ्रीका ने पहला टेस्ट 2 विकेट से जीता था, इसलिए सीरीज भी 2-0 से होम टीम के नाम रही। ऑस्ट्रेलिया टीम टॉप पर बरकरार ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम टेस्ट रैंकिंग में टॉप पर है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में भारतीय टीम को हराने वाले ऑस्ट्रेलिया टीम की 126 रेटिंग है। इतना ही नहीं ऑस्ट्रेलिया के 4531 अंक हैं। ऑस्ट्रेलिया ने बॉर्डर गावस्कर सीरीज के सिडनी में खेले गए आखिरी मैच में 6 विकेट से हराया था। मैच ढाई दिन तक ही चली। 3 जनवरी से शुरू हुई यह मुकाबला 6 जनवरी को लंच से पहले ही खत्म हो गई थी।

# ShahRukha ने वेडिंग रिसेप्शन पर गौरी से कर दी थी ये डिमांड



बी-टॉउन के कई स्टार्स का नाम बेस्ट कपल की लिस्ट में शामिल है, लेकिन इसमें सबसे पहला नाम बॉलीवुड के किंग खान यानी शाहरुख खान (Shahrukh Khan) और गौरी खान (Gauri Khan) का आता है. इन दोनों ने धर्म की दीवार को तोड़कर एक दूसरे का साथ सात जन्मों तक निभाने का वादा किया. जो पिछले 33 सालों से बखूबी निभा भी रहे हैं. हालांकि एक वक्त ऐसा भी आया था, जब शायद इनके बीच धर्म आ गई थी और उस समय कुछ ऐसा हुआ था कि गौरी के माता-पिता के भी हाथ-पैर सुन्न पड़ गए थे।

## शादी के रिसेप्शन पर शाहरुख खान ने गौरी से की थी ये डिमांड

यह मामला शाहरुख खान और गौरी खान की वेडिंग (Shahrukh Khan Gauri Wedding) रिसेप्शन पार्टी के दौरान का है. 5 साल की कड़ी मेहनत और परिवार वालों को मनाकर शाहरुख और गौरी ने 25 अक्टूबर, 1991 को शादी कर ली थी. लेकिन जब दोनों की रिसेप्शन पार्टी तब उसमें शाहरुख खान से सबके सामने गौरी से ऐसी डिमांड कर दी की हर कोई दंग रह गया. जिसके बारे में एक्टर ने खुद फरीदा जलाल (Farida Jalal) के साथ एक इंटरव्यू (Interview) के दौरान बताया था. तो चलिए जानते हैं वो किस्सा क्या है? शाहरुख ने बताया था कि, 'शादी के रिसेप्शन में कुछ लोग कह रहे थे कि अब गौरी का नाम बदल दिया जाएगा और वो मुस्लिम बन जाएंगी. इस पर शाहरुख ने गौरी से कहा, 'चलो, बुर्का पहन लो और नमाज पढ़ो.' इसके बाद एक्टर ने गौरी से कहा, 'अब तुम्हारा नाम बदलकर आयशा कर देंगे, तुम नमाज पढ़ोगी और घर से बाहर नहीं निकलोगी.' एक्टर की ये बात सुनकर गौरी और उनके परिवार वालों समेत वहां मौजूद सभी लोग दंग रह गए थे।

# Janhvi Kapoor

## इंस्टाग्राम पर ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की



एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर हाल ही में कुछ ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की हैं, जो उनके स्टाइलिश अंदाज का शानदार नमूना हैं। इन तस्वीरों में जान्हवी सिल्वर शिमरी टॉप और बेल्ट स्टाइल ग्रे स्कर्ट पहने हुए नजर आ रही हैं। उनके इस आउटफिट ने उन्हें डिवा लुक दिया है।

जान्हवी ने अपने लुक को खुले कर्ली बालों और न्यूड ग्लो मेकअप के साथ पूरा किया है। शार्प कॉन्टूरिंग और हाईलाइटर का परफेक्ट इस्तेमाल उनके चेहरे पर खास ग्लो ला रहा है। तस्वीरों में वह दीवार के पास खड़ी होकर अलग-अलग स्टाइलिश पोज दे रही हैं, जो उनकी अदाओं को और कातिलाना बना रहे हैं। अपने पोस्ट के कैप्शन में जान्हवी ने लिखा, पुश 2 स्टार्ट और इस पर फैंस और सेलेब्रिटीज ने जमकर प्रतिक्रिया दी है। एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने उनकी तारीफ में फायर इमोजी कमेंट किया, जबकि फैंस ने उन्हें स्ले क्वीन और स्टनिंग कहकर सराहा। जान्हवी के इस पोस्ट को अब तक 6.5 लाख से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं, जो उनकी जबरदस्त पॉपुलैरिटी को दर्शाता है। उनकी ये ग्लैमरस तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं और लोग उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे।

### अल्लू अर्जुन

## पुष्पा-2 स्क्रीनिंग में घायल बच्चे से मिले



**9 साल का श्रीतेज 34 दिन से अस्पताल में एडमिट, हादसे में मां की जान गई थी**

पुष्पा-2 की स्क्रीनिंग के दौरान हैदराबाद के संध्या थिएटर में मची भगदड़ में घायल हुए 9 साल के श्रीतेज से मिलने अल्लू अर्जुन मंगलवार को अस्पताल पहुंचे। श्रीतेज 4 दिसंबर से अस्पताल में भर्ती है। हादसे में उसकी मां रेवती की मौत हो गई थी। मुलाकात की फोटो-वीडियो तो सामने नहीं आए हैं, लेकिन हैदराबाद के ड्क्टर अस्पताल में घूमते हुए अल्लू अर्जुन का वीडियो सामने आया है। रिपोर्ट्स की मानें तो अल्लू ने बच्चे के साथ उसके पिता और डॉक्टर से भी मिले।

पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच एक्टर सुबह अस्पताल पहुंचे और करीब आधा घंटा अस्पताल में रुके। उनके साथ तेलंगाना राज्य फिल्म विकास निगम के अध्यक्ष दिल राजू भी मौजूद थे। अल्लू ने पीड़ित परिवार को अब तक 1 करोड़ रुपए की आर्थिक मदद कर चुके है। पुलिस ने कहा था- मुलाकात गोपनीय रखें अल्लू अर्जुन की घायल बच्चे से मुलाकात से पहले पुलिस ने 5 जनवरी को एक्टर को एक नोटिस भेजा था। इस में घायल बच्चे से मिलने के लिए अल्लू अर्जुन को कुछ नियमों का पालन करने के लिए कहा गया था। ट्रेड एनालिस्ट मनोबाला विजयन ने पर अल्लू अर्जुन को भेजा गया पुलिस का नोटिस शेयर किया था। इसमें लिखा था- 'सूचित किया जाता है कि रामगोपालपेट और उत्तरी क्षेत्र पुलिस ने 05/01/2025 को सुबह 10 बजकर 30 मिनट पर सिकंदराबाद के किम्स अस्पताल में आपके विजिट के लिए सभी व्यवस्थाएं की जाएगी। आप अस्पताल के अंदर और बाहर सार्वजनिक व्यवस्था और पुलिस की सभी शर्तों का पालन करेंगे।' 4 दिसंबर को फिल्म के प्रीमियर में हुई थी भगदड़ अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा-2 5 दिसंबर को रिलीज हुई थी। इस का प्रीमियर 4 दिसंबर को हैदराबाद के संध्या थिएटर में रखा गया था।

# बुलेट प्रुफ दीवार का निर्माण

## हाई रेजोल्यूशन कैमरे भी लगाए, पिछले साल अप्रैल में लॉरेंस गैंग ने फायरिंग की थी

सलमान खान के घर बुलेट प्रूफ दीवार बनाई गई है। पिछले साल अप्रैल में सलमान के मुंबई स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट में लॉरेंस गैंग से जुड़े बदमाशों ने फायरिंग की थी। तब सलमान के घर सिक्योरिटी बढ़ाई गई थी। अब उनकी बालकनी और खिड़कियों को बुलेट प्रूफ किया गया है। सलमान के गैलेक्सी अपार्टमेंट में बीते कुछ समय से रेनोवेशन का काम चल रहा था। अब अपार्टमेंट का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें उनकी बालकनी और खिड़कियां बुलेट प्रूफ ग्लास के साथ नजर आ रही हैं। सूत्रों के हवाले से बताया है कि सलमान का सिक्योरिटी सिस्टम हाईटेक कर दिया गया है। घर के चारों तरफ हाई रेजोल्यूशन सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। सलमान खान गैलेक्सी अपार्टमेंट के ग्राउंड फ्लोर में वन बीएचके में रहते हैं, जबकि उनके पेरेंट्स इस अपार्टमेंट के फर्स्ट फ्लोर में रहते हैं।




### 14 अप्रैल को बालकनी के पास वाली दीवार पर हुई थी फायरिंग

- 8 महीने पहले 14 अप्रैल को सुबह करीब 5 बजे सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट में 7.6 बोर की बंदूक से 4 राउंड फायरिंग हुई थी। घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में फायरिंग करने वालों को कैप्चर किया गया था। फायरिंग उसी दीवार पर हुई, जिससे थोड़ी ही दूरी पर सलमान की बालकनी है, जहां वो फैंस से मिलने आते हैं।
- फोरेंसिक एक्सपर्ट को मौके से एक लाइव बुलेट मिली थी। इस हमले की जिम्मेदारी लॉरेंस ग्रुप ने ली थी।

### 12 अक्टूबर को हुई थी सलमान के करीबी दोस्त बाबा सिद्दीकी की हत्या

- सलमान खान के सबसे करीबी दोस्त और एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की 12 अक्टूबर, 2024 को हत्या कर दी गई थी। वहीं, लॉरेंस गैंग ने इस घटना की जिम्मेदारी ली थी। इसके बाद से ही सलमान के गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर तगड़ी सिक्योरिटी तैनात कर दी गई। तभी से किसी भी गाड़ी को सलमान के घर के बाहर या आसपास रुकने की परमिशन नहीं है।
- धमकी के बाद सलमान को मिली वाय+ सिक्योरिटी 2023 में लॉरेंस बिश्नोई से धमकी मिलने के बाद ही सलमान खान की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। उन्हें महाराष्ट्र सरकार की तरफ से वाय+ कैटेगरी की सुरक्षा मिली हुई है। इस सुरक्षा घेरे में सलमान के साथ 11 जवान हर समय साथ रहते हैं, इसमें एक या दो कमांडो और 2 ढरड भी शामिल होते हैं। सलमान की गाड़ी के आगे और पीछे एस्कॉर्ट करने के लिए दो गाड़ियां हमेशा रहती हैं। इसके साथ-साथ सलमान की गाड़ी भी पूरी तरह बुलेटप्रूफ है।